कुचामन में शांतिपूर्ण मतदान, 76.20 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग

45 वार्डों के 152 प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में बंद, अब परिणामों पर टिकी निगाहें

जिले में बोरावड़ रहा सबसे आगे, डीडवाना 75.33 और कुचामन में 76.20 प्रतिशत मतदान दर्ज

सीमा सन्देश संवाददाता

कुचामन सिटी। नगर निकाय आम चुनाव-2026 के तहत नगर परिषद कुचामन के 45 वार्डों में बुधवार को मतदान शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। सुबह 7 बजे से शुरू हुआ मतदान शाम 6 बजे तक चला। शहर में कुल 76.20 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर शहर की सरकार चुनने में भागीदारी निभाई। इसके साथ ही चुनाव मैदान में उतरे 152 प्रत्याशियों का राजनीतिक भविष्य मतपेटियों में बंद हो गया।

मतदान के दौरान शहर में लोकतंत्र का उत्सव देखने को मिला। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें नजर आईं। युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक मतदान किया। तेज धूप के बावजूद मतदाताओं का उत्साह पूरे दिन बना रहा और कई केंद्रों पर अंतिम समय तक मतदान जारी रहा।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अवधेश मीणा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. प्यारेलाल शिवरान ने शहर के मुख्य बस स्टैंड भोमराजका बालिका स्कूल सहित करीब 10 विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था एवं मतदाताओं को उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने संवेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी बनाए रखी।

नगर परिषद क्षेत्र के 52 मतदान केंद्रों पर मतदान सम्पन हुआ।चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए स्थानीय पुलिस के साथ अन्य जिलों से अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया था। संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार गश्त की गई तथा मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। निर्वाचन आयोग की ओर से दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। मतदान प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश मीणा, एसपी डॉक्टर प्यारेलाल चौधरी,राज्य मंत्री एवं नावां विधायक विजय सिंह चौधरी, रिटर्निंग अधिकारी सुरेंद्र सिंह चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल सिंह नेहरा, तहसीलदार रामेश्वर लाल गढ़वाल, कुचामन थानाधिकारी राजेंद्र खटाव सहित विभिन्न प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी लगातार मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते रहे।

जिले में बोरावड़ सबसे आगे

डीडवाना-कुचामन जिले की चारों नगरीय निकायों में मतदान प्रतिशत भी उत्साहजनक रहा। शाम 6 बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार नगर पालिका बोरावड़ में सर्वाधिक 80.48 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वहीं नगर परिषद कुचामन में 76.20 प्रतिशत, नगर परिषद डीडवाना में 75.33 प्रतिशत तथा नगर पालिका लाडनूं में 67.86 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान समाप्त होने के साथ ही शहर में राजनीतिक चचाओं का दौर तेज हो गया। संभावित परिणामों और सभापति पद के समीकरणों को लेकर विभिन्न दलों एवं समर्थकों के बीच चचाएं होती रहीं। अब सभी की निगाहें मतगणना पर टिकी हैं, जहां यह तय होगा कि नगर परिषद कुचामन की सत्ता की बागडोर आगामी कार्यकाल में किसके हाथों में जाएगी।

दांता नगरपालिका में 77.25% मतदान, ईवीएम में बंद हुआ 109 प्रत्याशियों का भाग्य

25 वार्डों में 15988 में से 12350 मतदाताओं ने डाले वोट, 14 सितंबर को खुलेगा जीत-हार का पिटारा

सीमा सन्देश संवाददाता

दांतारामगढ़ (सीकर)। नगर निकाय चुनाव 2026 के तहत दांता नगरपालिका के 25 वार्डों में बुधवार को मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। शाम 6 बजे तक नगरपालिका क्षेत्र में कुल 77.25 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। कुल 15988 मतदाताओं में से 12350 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतदान समाप्त होने के साथ ही दांता नगरपालिका के 25 वार्डों से चुनाव मैदान में उतरे 109 प्रत्याशियों का भविष्य ईवीएम में बंद हो गया। मतदान के बाद प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में जीत-हार को लेकर चचाओं का

दौर तेज हो गया है। देर शाम तक प्रत्याशी अपने-अपने पक्ष में मतदान होने का दावा करते नजर आए।

अब सभी की निगाहें 14 सितंबर को होने वाली मतगणना पर टिकी हैं। चुनाव परिणाम पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दांता में होने वाली मतगणना के बाद घोषित किए जाएंगे। परिणाम सामने आने के साथ ही 25 वार्डों में किस प्रत्याशी के सिर जीत का सेहरा बंधेगा और किसे हार का सामना करना पड़ेगा, इसका फैसला हो जाएगा।

मतदान प्रतिशत के साथ दांता में चुनावी मुकाबले की तस्वीर भी साफ हो गई है। प्रत्याशियों के समर्थक अपने-अपने आंकड़ों और बूथवार मतदान के आधार पर जीत के दावे कर रहे हैं। हालांकि वास्तविक तस्वीर 14 सितंबर को ईवीएम खुलने के बाद ही सामने आएगी।

नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर में 147 को जांच कर 49 को किया ऑपरेशन के लिए चयन

कुचामन सिटी (सीमा सन्देश संवाददाता)। लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट एवं लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट के तत्वावधान में रामअवतार सीताराम अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से जिला अन्धता निवारण समिति जयपुर एवं शंकरा नेत्र अस्पताल जयपुर के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर अग्रवाल भवन में आयोजित किया गया। सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष लॉयन राम काबरा ने बताया क्लब की स्थापना पर जुलाई 2019 में सदस्यों ने कुचामन क्षेत्र को मोतियाबिंद मुक्त बनाने का संकल्प लिया था। इस संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रयास निरंतर जारी है। इसी क्रम में 82 वा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें शंकरा अस्पताल जयपुर की चिकित्सक टीम ने 147 रोगियों के नेत्र एवं बीपी शुगर जांच कर 49 को ऑपरेशन के लिये चयन किया। क्लब सचिव लॉयन विष्णु मोयल ने बताया चयनित रोगियों को शंकरा अस्पताल जयपुर भेजा गया जिनके गुरुवार को ऑपरेशन किये जायेंगे तथा पिछले माह ऑपरेशन करवाने वाले रोगियों को पुनः जांच कर चश्मे भी दिए गए। रोगियों के भोजन, आवास, चश्मे एवं दवाईयों की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। निवर्तमान अध्यक्ष लॉयन रेखा काबरा, कोषाध्यक्ष लॉयन मुरलीधर गोयल, लॉयन मुरलीमनोहर स्नेही, महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष रामअवतार गोयल, आनंद बंसल, अजित सिंह, हंसराज, ज्ञानाराम, यास्मीन, आरती, गजेन्द्र, नीलम, कुसुम,

बाग के गणेश मंदिर से स्टेशन नाडा बालाजी तक निकली शोभायात्रा

नावां में रामकथा की अमृत वर्षा

1100 महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

करीब 2000 श्रद्धालु पहुंचे; संत मुरलीधरजी महाराज ने सुनाया श्रीराम के आदर्शों का प्रसंग

सीमा सन्देश संवाददाता

नावां। उपखंड मुख्यालय नावां शहर बुधवार को रामभक्ति में सराबोर नजर आया। श्री स्टेशन नाडा बालाजी मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। बाग के गणेश मंदिर से निकली कलश यात्रा में करीब 1100 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। भजनों, जयकारों और धार्मिक धुनों के बीच निकली यात्रा से शहर का माहौल भक्तिमय हो गया।

सुबह करीब 9 बजे बाग के गणेश मंदिर से शुरू हुई कलश यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए स्टेशन नाडा बालाजी मंदिर पहुंची। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। उनके साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी शामिल हुए। रास्तेभर जगह-जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। जय श्रीराम के जयकारों से शहर गूंजता रहा।

2000 श्रद्धालुओं ने सुनी रामकथा

कलश यात्रा के स्टेशन नाडा बालाजी मंदिर पहुंचने के बाद मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसके बाद दोपहर 12.15 बजे श्रीराम कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ। कथा व्यास मानस मर्मज्ञ संत श्री मुरलीधरजी महाराज, जोधपुर ने श्रीराम कथा के महात्म्य का वर्णन करते हुए भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों और मयार्दा के प्रसंग सुनाए। समिति के अनुसार प्रथम दिन करीब 2000 श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया। कथा के दौरान धार्मिक प्रसंगों और भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए। मंदिर परिसर में लगातार जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे।

सत्य, मयार्दा और कर्तव्य का दिया संदेश

कथा व्यास संत मुरलीधरजी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मानव समाज के लिए आदर्श है। श्रीराम ने सत्य, मयार्दा, त्याग और कर्तव्य का पालन करते हुए समाज को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। रामकथा केवल धार्मिक कथा नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली प्रेरणा है। उन्होंने श्रद्धालुओं को भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में रामकथा के महत्व से भी अवगत कराया।

नौ दिन तक चलेगी कथा, रोज होंगे धार्मिक आयोजन

समिति के मीडिया प्रभारी कमलेश पारीक ने बताया कि नौ दिवसीय श्रीराम कथा को लेकर नावां शहर सहित आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। कथा के आगामी दिनों में भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का वाचन किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य धर्म एवं संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और सद्भाव की भावना को मजबूत करना है। पहले ही दिन करीब 1100 महिलाओं की कलश यात्रा और करीब 2000 श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने आयोजन की भव्यता को दर्शा दिया। श्रद्धालुओं के लिए समिति की ओर से पेयजल, भंडारे सहित आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। आगामी दिनों में भी कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

भर का बालाजी मंदिर में गूंजा सामूहिक सुंदरकांड

ढाई सौ से अधिक श्रद्धालु हुए शामिल

नालोट/कुचामनसिटी। श्री भर का बालाजी महाराज मंदिर परिसर में मंगलवार को आयोजित सामूहिक सुंदरकांड पाठ में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में लक्ष्य से भी अधिक उत्साह देखने को मिला और ढाई सौ से अधिक श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ में सहभागिता की।

कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संचालित की गईं। श्रद्धालुओं ने हारमोनियम एवं ढोलक की भक्तिमय संगत के साथ सामूहिक स्वर में सुंदरकांड का पाठ किया। जैसे-जैसे पाठ आगे बढ़ा, पूरा मंदिर परिसर जय श्री राम और जय हनुमान के जयकारों से भक्तिमय हो उठा। महिला, पुरुष, युवा एवं बालिकाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ करने से वातावरण में ऐसी आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति का संचार हुआ कि उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए।

सुंदरकांड पाठ के समापन पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। हनुमान चालीसा के दौरान मंदिर परिसर में उपस्थित सभी भक्तगण भक्ति में पूरी तरह लीन दिखाई दिए। इसके पश्चात आरती एवं बालाजी महाराज के दर्शन किए गए।

कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने आयोजन की व्यवस्था एवं सामूहिक सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को भक्ति, एकता, भाईचारे और सामूहिक सहयोग से जोड़ने का कार्य करते हैं। आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी भक्तजनों, महिलाओं, युवाओं एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया।

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : छठी मंज़िल, बी बिल्डिंग, गंगा टुएनो, लोहेगाँव, पुणे, महाराष्ट्र 411014 ब्रांच ऑफ यूनिट: पहली मंज़िल, जगदंबा टॉवर, एफ-11, आम्रपाली सर्कल, वैशाली नगर, जयपुर 302021

ई-नीलामी- बिक्री सूचना
सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल आस्ति की बिक्री

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002(अधिनियम) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 व 9 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा जनसामान्य को और विशेष रूप से ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** और के पास बंधक रखा है, जिसका कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन नोटिस की पालना में अधिनियम की धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूति हित(प्रवर्तन) नियम के नियम 8 व 9 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राप्त कर लिया है।

सुरक्षित आस्तियों को ई-नीलामी के माध्यम से को 'जो है जहां है', 'जो है क्या है' और 'वहां जो भी है'के आधार पर 13.10.2026 को बेची जाएंगी। एतद्द्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट: https://www.bankeauctions.com. पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया जीएचएफएल/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

क्र सं.	प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए)	मांग सूचना दिनांक और बकाया राशि (बी)	कब्जे का प्रकार(सी)	संपत्ति का विवरण (डी)	आरक्षित राशि (ई)	ईएमडी (आरपी का 10 प्रतिशत) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि(जी)	बोली वृद्धि (एच)	सम्पत्ति निरीक्षण तिथि व समय (आई)	नीलामी की तिथि और समय (जे)	ज्ञात भार/ कोर्ट केस, यदि कोई हो, (के)
1.	ऋण संख्या HL00699100000000505 7983 मुकेश नाथ (ऋणधारक) किसना नाथ (सह-ऋणधारक)	नोटिस दिनांक: 11-02-2026 कुल बकाया: रु. 1967769/- (रुपये उन्नीस लाख सड़सठ हजार सात सौ उनहत्तर मात्र) 11-02-2026 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक 13 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	इकाई/फ्लैट नं. टी-3, तीसरी मंजिल, निर्मित क्षेत्र 770 वर्ग फीट, भूखंड संख्या 202 में स्थित, पत्रकार कॉलोनी, ग्राम धोलाई, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर, राजस्थान के सभी खण्ड व हिस्से। सीमाएं साइट प्लान के अनुसार: पूर्व- सड़क, पश्चिम- प्लॉट नंबर 217, उत्तर- प्लॉट नंबर 201, दक्षिण- सड़क।	रु. 2187667.00/- (रुपये इक्कीस लाख सत्तासी हजार छह सौ सड़सठ मात्र)	रु. 218766.70/- (रुपये दो लाख अठारह हजार सात सौ छियासठ एवं सत्तर पैसे मात्र)	12.10.2026 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	07.10.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	13.10.2026 (प्रातः 11- सायं 2)	निल
2	ऋण संख्या HL00667100000000503 9535 उदय लाल कीर (ऋणधारक) लाडी देवी (सह-ऋणधारक)	नोटिस दिनांक: 11-12-2025 कुल बकाया: रु. 900819/- (रुपये नौ लाख आठ सौ उन्नीस मात्र) 11-12-2025 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक 14.35 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	प्लॉट नंबर 21 (आराजी नंबर 915/3, 916/4) राजस्व ग्राम मलोला, पटवार मंडल मलोला, तहसील एवं जिला भीलवाड़ा (राज.) में स्थित कृषि संपत्ति के सभी खण्ड व हिस्से। अधिमापन क्षेत्र 640.00 वर्ग फीट। चारों सीमाएं इस प्रकार हैं: पूर्व: प्लॉट नंबर 20 ए, पश्चिम: प्लॉट नंबर 22, उत्तर: प्लॉट नंबर 26, दक्षिण: आम रास्ता / सड़क।	रु. 842625.00/- (रुपये आठ लाख बयानलीस हजार छह सौ पच्चीस मात्र)	रु. 84262.50/- (रुपये चौरासी हजार दो सौ बासठ एवं पचास पैसे मात्र)	12.10.2026 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	07.10.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	13.10.2026 (प्रातः 11- सायं 2)	निल
3	ऋण संख्या LAP06672000000050 2014 भेरू लाल तेली (ऋणधारक) लीला देवी तेली (सह-ऋणधारक)	नोटिस दिनांक: 11-12-2025 कुल बकाया: रु. 789721/- (रुपये सात लाख नवासी हजार सात सौ इक्कीस मात्र) 11-12-2025 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक 18.35 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	पट्टा संख्या - 11, भूखंड, ग्राम कोटारी, ग्राम पंचायत कोटारी, पंचायत समिति कोटरी, जिला भीलवाड़ा (राज.)में स्थित संपत्ति के सभी खण्ड व हिस्से। अधिमापन क्षेत्र 476.375 वर्ग फीट। चारों सीमाएं इस प्रकार हैं: पूर्व: आम रास्ता, पश्चिम: श्री सत्यनारायण लोढा की संपत्ति, उत्तर: श्री सत्यनारायण लोढा की संपत्ति एवं चौक, दक्षिण: श्री महावीर तेली का मकान।	रु. 110458.30/- (रुपये एक लाख दस हजार चार सौ अट्ठावन एवं तीस पैसे मात्र)	रु. 110458.30/- (रुपये एक लाख दस हजार चार सौ अठावन व पैसे तीस मात्र)	12.10.2026 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	07.10.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	13.10.2026 (प्रातः 11- सायं 2)	निल
4	ऋण संख्या LAP06672000000050 43521 & HL00667200000005037438 शिव सिंह राजपूत (ऋणधारक) दुर्गा कंवर (सह-ऋणधारक) जितेन्द्र सिंह	नोटिस दिनांक: 10-09-2025 कुल बकाया: रु. 1101106/- (जिसमें LAP06672000000005043521 में 204307.00/- व HL00667200000005037438 में 896799.00/- शामिल हैं) 10-09-2025 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक क्रमशः 19.35 प्रतिशत एवं 14.35 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	पट्टा 23, ग्राम महुआ, ग्राम पंचायत महुआ, पंचायत समिति मांडलगढ़, जिला भीलवाड़ा (राज.) के समस्त खण्ड व हिस्से। अधिमापन क्षेत्रफल 2993.00 वर्ग फीट इसके बाद उक्त सम्पत्ति के रूप में संदर्भित चारों कोने इस प्रकार हैं: पूर्व: स्वयं की संपत्ति, पश्चिम: आम रास्ता, उत्तर: श्री भोम सिंह पुत्र श्री खान सिंह राजपूत की संपत्ति, दक्षिण: आम रास्ता।	रु. 1608557.00/- (रुपये सोलह लाख आठ हजार पांच सौ सत्तावन मात्र)	रु. 160855.70/- (रुपये एक लाख साठ हजार आठ सौ पिचहपन व पैसे सत्तर मात्र)	12.10.2026 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	07.10.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	13.10.2026 (प्रातः 11- सायं 2)	निल
5	ऋण संख्या LAP06672000000050 5961 गीता देवी (ऋणधारक) भंवर लाल दरोगा (सह-ऋणधारक)	नोटिस दिनांक: 09-03-2026 कुल बकाया: रु. 736538/- (रुपये सात लाख छत्तीस हजार पांच सौ अडतीस मात्र) 09-03-2026 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक 18 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	बुक नंबर 1755, पट्टा संख्या 44, ग्राम बेरा, ग्राम पंचायत बेरा, पंचायत समिति बनेड़ा, जिला भीलवाड़ा (राज.) के समस्त खण्ड व हिस्से, अधिमापन क्षेत्र 1300.00 वर्ग फीट। चारों सीमाएं इस प्रकार हैं: पूर्व: आम रास्ता, पश्चिम: श्री भंवर लाल दरोगा की संपत्ति, उत्तर: श्रीमती श्यामु देवी की संपत्ति, दक्षिण: श्री लादू लाल दरोगा की संपत्ति।	रु. 1015000.00/- (रुपये दस लाख पंद्रह हजार मात्र)	रु. 101500.00/- (रुपये एक लाख एक हजार पांच सौ मात्र)	12.10.2026 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	07.10.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	13.10.2026 (प्रातः 11- सायं 2)	निल

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित लेनदार शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी स्वयं की पूछताछ करें और अतिरिक्त शुल्क, भारों और किसी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोलियां जमा करने से पहले सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें। सभी वैधानिक बकाया जैसे संपत्ति करों, बिजली/पानी का बकाया और संपत्ति से जुड़ा कोई अन्य बकाया, यदि कोई हो, का पता लगाया जाना चाहिए और सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए।

इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और जो नीलामी सेवा प्रदाता) सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड **पता- प्लॉट नंबर-68 तृतीय तल गुड़गांव हरियाणा-122003. हेल्पलाइन नंबर- 7291981124,25,26 सपोर्ट ईमेल आईडी Support@bankeauctions.com संपर्क -व्यक्ति धारनी पी, ईमेल आईडी- dharani.p@c1india.com संपर्क नंबर- 9948182222** से अग्रिम रूप से ही लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो ई-बोली के लिए अनिवार्य है। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उन्हीं से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को पंचशील ट्रेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44 विमान नगर-411014 'गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के नीलामी आय खाता **बैंक-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या-091551000028 और आईएफएससी कोड- ICIC0000915** के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के माध्यम से बयाना राशि जमा (ईएमडी) की राशि जमा करना आवश्यक है, **12.10.2026** को या उससे पहले किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक पर आहरित किया और **https://www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत करें और उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर अपने पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को अपलोड किए गए निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त करने के लिए **यहां पता -पता: पहला फ्लोर, जगदंबा टॉवर, एफ-11, आम्रपाली सर्किल, वैशाली नगर, जयपुर 302021 मोबाइल नंबर +91 8281138143 ई-मेल आईडी p.adith@grihumhousing.com** को ई-मेल व स्व-अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता है। ई-नीलामी में भाग लेने हेतु नियम व शर्तों के अधिक विवरण के लिए कृपया https://www.bankeauctions.com या **www.grihumhousing.com** पर जाएं।

यह सूचना ऋणधारक/सह-ऋणधारक/बंधककर्ता(ओं) जमानतदार(ों) को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम - 2002 के के नियम 8(6) के अधीन 30 दिनों के नोटिस के रूप में भी ली जाये।

किसी भी स्थिति में, अगर स्थानीय भाषा के प्रकाशन और अंग्रेजी अखबार के प्रकाशन की सामग्री में कोई अंतर होता है, तो 'द इंडियन एक्सप्रेस' में प्रकाशित अंग्रेजी अखबार की सामग्री ही मान्य होगी।

दिनांक: 10.09.2026 स्थान: राजस्थान

हस्ता/-प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड